☎ : 05947-252841

# पायनियर चेतना

18 सितम्बर 2008 e-mail : internationalpioneers@rediffmail.com अंक-297
website : www.internationalpioneers.org

(नि:स्वार्थ, स्वैच्छिक, कल्याणकारी, समाजसेवी संस्था, इन्टरनेशनल पायनियर्स द्वारा प्रकाशित)

(अवैतनिक) प्रधान सम्पादक : सन्तोष कुमार मेहरोत्रा, रामनगर (नैनीताल) सह सम्पादक : पाय0 महावीर वर्मा 'मधुर' (अवैतनिक)
पाय0 एल0 सी0 अरोड़ा (अवैतनिक)

Pioneerism A commitment to Humanity

## 39वाँ राष्ट्रीय सम्मेलन वृन्दावन में सम्पन्न

### पाय0 केशव शिवहरे राष्ट्रीय अध्यक्ष, संतोष मेहरोत्रा महासचिव, बी0डी पाण्डे राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष




*राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष, महासचिव, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष*

इन्टरनेशनल पायनियर्स का 39वाँ राष्ट्रीय सम्मेलन राष्ट्रीय अध्यक्ष केशवा प्रसाद शिवहरे एडवोकेट, कर्वी की अध्यक्षता में कृष्ण-सुदामा धाम वृन्दावन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन गाजियाबाद के जोन चैयरमेन के0पी0 सिंह एडवोकेट ने किया।

संस्था के संस्थापक संतोष मेहरोत्रा ने सभी उपस्थित प्रतिनिधियों को पायानियरवाद की शपथ दिलायी। केशव प्रसाद शिवहरे राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं महासचिव संतोष मेहरोत्रा ने दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का उद्घाटन किया। सम्मेलन में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखण्ड एवं दुबई के लगभग 50 लोगों ने भाग लिया।

उक्त सम्मेलन में हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष, गाजियाबाद के के.पी. सिंह एडवोकेट एवं दिल्ली के कर्मवीर तायल उपमहासचिव, हापुड़ के प्रसिद्ध कवि अनिल वाजपेयी, राष्ट्रीय जनसम्पर्क अधिकारी दिल्ली ईस्ट के सुरेन्द्र गुप्ता, मुरादाबाद के एल.सी. अरोड़ा, हापुड़ के अरूण यादव जोन चैयरमेन, चित्रकूट के अजय अग्रवाल राष्ट्रीय सचिव निर्वाचित हुए। इसके अतिरिक्त दिल्ली के मनीष तायल को ईको केयर ऑर्गेनाईजेशन का संयोजक, गाजियाबाद के अरविन्द तोमर एडवोकेट को मानवाधिकार संरक्षण समिति का संयोजक, मुरादाबाद के एस.पी. अरोड़ा को यूथ पायनियर का राष्ट्रीय संयोजक नियुक्त किया गया।

नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पायनियरवाद की प्रथम महिला सदस्य श्रीमती सुधा मेहरोत्रा ने शपथ दिलायी। उक्त अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण की इस धार्मिक नगरी में राधा रानी जी की कृपा से पायनियर के राष्ट्रीय सम्मेलन में पधारे प्रतिनिधियों को अपने कर्तव्य के प्रति सजग रहना होगा, सेवा और परोपकार के कार्य भी मानव धर्म का अभिन्न अंग है। अत: मानव सेवा कार्यों में अधिक से अधिक भागीदारी बनाये रखनी होगी।

श्रीमती सुधा मेहरोत्रा ने अधिवेशन में महिलाओं की कम उपस्थिति पर चिन्ता व्यक्त की, उन्होंने कहा कि दिल्ली, लखनऊ, नैनीताल, शिमला सम्मेलन के मुकाबले इस सम्मेलन में महिलाओं की उपस्थिति काफी कम है, हमें अधिक से अधिक संख्या में उनकी भागीदारी बढ़ानी होगी।

उक्त अवसर पर पायनियर्स क्लब कर्वी चित्रकूट को सर्वश्रेष्ठ पायनियर्स क्लब, मुरादाबाद पायनियर्स क्लब को सर्वाधिक क्रियाशील क्लब, दिल्ली के मनीष तायल को सर्वश्रेष्ठ जोन चैयरमेन एवं पायनियर्स क्लब कर्वी (चित्रकूट) को सर्वाधिक सदस्यों के लिये पुरूष्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव प्रसाद शिवहरे, महासचिव संतोष मेहरोत्रा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बी.डी. पाण्डे ने संयुक्त रूप से किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव प्रसाद शिवहरे ने संस्था में अनुशासन पर बल देते हुए राष्ट्रीय कार्यक्रम की घोषणा की और प्रत्येक शाखा से अनुरोध किया कि प्रति माह निर्धारित कार्यक्रमों को पूरा किया जाना चाहिए तथा पायनियर विस्तार पर भी उन्होंने बल दिया।

हापुड़ के प्रसिद्ध जनकवि अनिल वाजपेयी ने अपनी कविताओं द्वारा प्रतिनिधियों को मंत्र-मुग्ध कर दिया। अनिल वाजपेयी को नयी शाखा पायनियर साहित्य एवं लोक कला मंच, हापुड़ खोलने के लिए सम्मानित किया गया।

सभी उपस्थित शाखा के सचिव ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। चित्रकूट के पाय. प्रेमनरायन कसौंधन, जोन चैयरमेन के.पी.सिंह, अरूण यादव एवं एलसी अरोरा ने अपने जोन की रिपोर्ट प्रस्तुत की। महासचिव संतोष मेहरोत्रा ने राष्ट्रीय कार्यालय की रिपोर्ट प्रस्तुत की। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बीडी पाण्डे ने राष्ट्रीय कार्यालय का आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया, इसे सर्वसम्मति से पारित किया गया।

पायनियर्स क्लब दुबई से आये प्रतिनिधि कपिल मेहरोत्रा का अभिनन्दन किया गया। पायनियर हापुड़; लोक कला मँच के महावीर वर्मा, चित्रकूट के अरूण श्रीवास्तव, गाजियाबाद के कवि श्री शिशौदिया ने अपना काव्य पाठ प्रस्तुत किया।

अधिवेशन का समापन महासचिव एवं संस्थापक संतोष मेहरोत्रा ने करते हुए सभी प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया और नवनिर्वाचित राष्ट्रीय कार्यकारिणी से नये जोश के साथ जुटने का आह्वान किया।

# वार्षिक प्रगति रिपोर्ट वर्ष 2007-2008 इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब, चित्रकूट

वर्ष 2000 से अनवरत् पाय0 केशव शिवाहरे जी के कुशल नेतृत्व एवं 35 सक्रिय सदस्यों के सहयोग से ही शाखा चित्रकूट सामाजिक क्रियाकलापों के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी शाखा है। वर्ष 2007-2008 में जो सामाजिक कार्य किये गये, वे सूचीबद्ध निम्न प्रकार है :-

**माह अक्टूबर, 2007 :** नव निर्वाचित बोर्ड का भव्य शपथ ग्रहण कार्यक्रम, रक्तदान शिविर कार्यक्रम, श्री रामदल यात्रा का भव्य स्वागत व जलपान आदि की व्यवस्था।

**माह नवम्बर, 2007 :** विशाल स्तर पर निःशुल्क ग्रीनकार्ड वितरण शिविर का कार्यक्रम, बाल दिवस के अवसर पर प्राईमरी पाठशाला, बल्दाऊगंज के समस्त नन्हें-मुन्ने बच्चों को फल एवं बिस्कुट वितरण।

**माह दिसम्बर 2007 :** साप्ताहिक निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन, यातायात शिविर का समापन निःशुल्क यातायात नियमावली एवं टेलीफोन डायरेक्टरी का विमोचन, 13 दिसम्बर को विशाल भजन संध्या विश्वविख्यात श्रद्धेय नन्दू भइया जी द्वारा प्रस्तुत 'एक शाम कान्हा के नाम' का आयोजन।

**माह जनवरी, 2008 :** साप्ताहिक निःशुल्क महिला योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन, ग्राम कांटी में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य मेला का आयोजन एवं निःशुल्क दवा वितरण, गणतंत्र दिवस का आयोजन, गणतंत्र दिवस के अवसर पर संस्था द्वारा 'जिलाधिकारी बनाम पायनियर्स सद्भावना क्रिकेट मैच' का एक दिवसीय कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण।

**माह फरवरी 2008 :** संजय स्पोर्टिंग क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट मैच में प्रोत्साहन स्वरूप संस्था द्वारा पुरस्कार वितरण। 24 छात्र/छात्राओं को निःशुल्क छः माह अवधि का कम्प्यूटर प्रशिक्षण शिविर, दो नये आजीवन सदस्यों का संस्था में प्रवेश।

**माह मार्च, 2008 :** पुलिस लाइन में शिविर लगाकर 300 लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, जिला प्रशासन एवं संस्था के सहयोग से मन्दाकिनी की सफाई का सुभारम्भ, 5-दिवसीय 35वाँ राष्ट्रीय रामायण मेला कार्यक्रम में संस्था की प्रमुख भागीदारी एवं संस्था की ओर से 5 बड़ी होर्डिंग्स लगाई गयी, जिनका खर्च व्यक्तिगत रूप से डा0 सुधीर अग्रवाल, अजय अग्रवा, संजय अग्रवाल एवं केशव शिवहरे, ने निर्वहन किया। शासन द्वारा चलाये गये डिप्सा कार्यक्रम में उत्कृष्ट भूमिका के लिए जिलाधिकारी द्वारा संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री केशव शिवहरे एवं शाखाध्यक्ष डा. सुधीर अग्रवाल को जिलाधिकारी द्वारा शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**माह अप्रैल 2008 :** संस्था द्वारा योग पंतजलि समिति, चित्रकूट के साथ मिलकर विशाल योग जनजागरण यात्रा निकाली गयी, जिसका उद्देश्य 'जीवन में योग की महत्वपूर्ण भूमिका है' रहा।

**माह मई, 2008 :** निःशुल्क दमा एवं श्वास रोग शिविर का आयोजन, जिसमें 103 लोगों को निःशुल्क दवा वितरित की गयी।

**माह जून, 2008 :** 14 मई, 2008 को ग्राम सरधुवा में हुए भीषण अग्निकाण्ड से तबाह हुए लगभग 400 परिवारों के पीड़ितों, जिनका कि सब कुछ नष्ट हो गया था, की लड़कियों की शादी के समय संस्था द्वारा प्रति कन्या 2100/-रु. नकद धनराशि देने की घोषणा की गयी, यह योजनाा तीन वर्ष तक लागू रहेगी।

**माह जुलाई, 2008 :** माह जुलाई, 2008 में शादियों , सदस्यों के व्यावसायिक व्यस्तता एवं प्रचण्ड गर्मी के कारण कार्य स्थगित रहे।

**माह अगस्त, 2008 :** 61वें स्वतंत्रता दिवस का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्राईमरी पाठशाला, बल्दाऊगंज के समस्त बच्चों को फल एवं बिस्कुट के पैकेट वितरित किये गये। साथ ही आगामी सत्र के लिए चुनाव सम्पन्न कराये गये।

**माह सितम्बर, 2008 :** 39वें राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारियों को दृष्टिगत रखते हुए कोई कार्ययोजना सम्पन्न नहीं करायी जा सकी।

उपरोक्त के अलावा इस सत्र में **8 बोर्ड की बैठकें,** 17 सामान्य बैठकें एवं 11 डिनर बैठकों का अयोजन किया गया। विशेष कार्ययोजना के अन्तर्गत मात्र केवल शाखा चित्रकूट ही एम्बुलेंस संचालन का कार्य करते हुए अब तक कितनों को जीवनदान देने का माध्यम बनी है।

# चित्रकूट पायनियर्स (सत्र 2008-09) का वार्षिक चुनाव सम्पन्न

**चित्रकूट 15 अगस्त, 2008।** समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था इण्टरनेशनल पायनियर्स का वार्षिक चुनाव पाय. ओमप्रकाश साहू के प्रतिष्ठान में आज अपराह्न 2 बजे विधिवत् सम्पन्न हुआ। तद्नुसार पाय. केशव शिवहरे एडवोकेट को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही उपाध्यक्ष पाय. गोपी किशन अग्रवाल एवं ओम प्रकाश साहू, सचिव पाय. अजय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पाय. विनोद गुप्ता, उपसचिव पाय. श्रीराम अग्रवाल, पाय. डा. सीताराम गुप्ता एवं महेन्द्र केसरवानी, कार्यालय प्रमुख पाय. सुनील सुहाने चुने गये। ऑडीटर एवं विधिक सलाहकार के पदों में पदासीन सदस्यों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री शिवहरे द्वारा संस्था हित को देखते हुए कुछ समितियों का भी मौके पर गठन किया गया, जिसमें विशेष आमंत्रित सदस्यों में पाय. अतुल अग्रवाल, पाय. प्रेमनरायण करसौंधन, पाय. श्यामलाल आसवानी, एवं पाय. श्री अरूण गुप्ता होंगे, जो अध्यक्ष द्वारा समय-समय पर सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

एम्बुलेन्स संचालन के समस्त सादित्व पाय. अतुल अग्रवाल को सौंपे गये। एम्बुलेन्स-संचालन का कार्यलय एक वर्ष का होगा, जिसका निर्वहन पूर्व में निर्धारित समस्त नियमों/शर्तों के अधीन होगा। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर संचालन-स्थल/संचालक किसी भी समय बिना पूर्व सूचना के बदला जा सकता है।

एम्बुलेन्स निगरानी समिति का कार्य पूर्व निर्धारित नियमों/शर्तों के अन्तर्गत पाय. डा. सुबोध अग्रवाल, पाय. राजेश गुप्ता, पाय. सन्तोष गुप्ता को दिया गया।

नये सदस्यों के प्रवेश हेतु पूर्व की भांति एक चयन समिति का भी गठन श्री शिवहरे द्वारा किया गया, जिसमें पाय. अजय अग्रवाल, पाय. महेन्द्र केसरवानी, पाय. संजय अग्रवाल एडवोकेट होंगे, जिनका दायित्व नये सदस्यों के प्रवेश में निर्धारित मापदण्ड के अनुसार अर्ह पाये जाने पर अपनी संस्तुति अध्यक्ष श्री शिवहरे को प्रेषित करेंगे तद्नुसार अन्तिम कार्यवाही की जायेगी।

साथ ही श्री शिवहरे द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि सभी समितियों का कार्यकाल एक वर्ष का होगा परन्तु किसी भी प्रकार की शिथिलता, अनियमितता एवं समय-समय पर सौंपे गये दायित्वों का सही ढंग से क्रियान्वयन न किये जाने पर सम्बन्धित समितियों के सदस्यों में परिवर्तन बिना पूर्व सूचना के किया जा सकता है।

# कार्ययोजना (सत्र 2008 – 2009)

सम्मानित समस्त अध्यक्ष/सचिव/पायनियर्स बन्धु,

इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब।



*केशव शिवहरे*
*राष्ट्रीय अध्यक्ष*

आप सभी का मैं हृदय से आभारी हूँ, जिन्होंने इस वर्ष भी इण्टरनेशनल पायनियर्स की बागडोर मेरे हाथ सौंपी है। मुझे अपेक्षा है कि पूर्व की भांति आप सभी का सहयोग, मार्गदर्शन एवं स्नेह मिलता रहेगा। मेरा भी दायित्व होगा कि आप सभी की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करते हुए संस्था की जड़ों को मजबूत करूं ताकि संस्था को समाज सेवा के क्षेत्र में एक नई दिशा दी जा सके। यह तभी संभव हो सकेगा जब आप सभी पूर्ण मनोयोग, निष्ठा एवं समर्पण की भावना से मेरा सहयोग करते रहेंगे।

पूर्व सत्र में आप समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने यथासम्भव संस्था हित में सराहनीय कार्य किये हैं परन्तु निश्चित रूप से कुछ कमियां रह गयी हैं, जिन्हें दृढ़ संकल्पित होकर इस सत्र में पूर्ण करना है, नये आयामों की खोज करते हुए पीड़ित मानवता, दु:खी तथा अभावग्रस्त जनों की अधिकाधिक सेवा कर यह सिद्ध करना है कि हम सचमुच में पायनियर्स हैं क्योंकि पायनियर्स का तात्पर्य ही 'प्रणेता', 'पथप्रदर्शक', 'आगे चलने वाला' 'मार्ग दिखाने वाला' 'अन्वेषक' होता है और इस प्रकार संस्था तथा समाजहित में कार्य करते हुए पायनियर्स शब्द की सार्थकता को सिद्ध कर सकते हैं।

राष्ट्रीय अध्यक्ष होने के नाते अवगत कराना चाहूंगा कि पूर्व वर्षों की भांति इस सत्र (2008-2009) में कुछ महत्वपूर्ण बिन्दुओं का चयन कर एक कार्ययोजना तैयार कर ली जाय ताकि वर्ष में हमें क्या करना है और कौन सा कार्य किस क्रम में करना है इसकी एक रूपरेखा तैयार हो सके ताकि ऐनवक्त हम दुविधा या असमंजस की स्थिति में अपने आप को न पायें।

मेरा विचार है कि इस प्रकार कार्ययोजना तैयार कर लेने पर हम निश्चित रूप से सभी बिन्दुओं पर समय-समय पर बैठक बुलाकर कार्ययोजना में अंकित बिन्दुओं का समीक्षात्मक अध्ययन कर लेंगे और उनका तभी सही तरीके से क्रियान्वयन हो सकेगा। मुझे विश्वास है कि इस प्रकार कार्य करने पर आपकी शाखा निश्चित रूप से अग्रगण्य होगी।

1. नि:शुल्क हृदयरोग परीक्षण शिविर का आयोजन। 2. रक्तदान शिविर का आयोजन। 3. वृहद् वृक्षारोपण कार्यक्रम। 4. नि:शुल्क ग्रीनकार्ड वितरण शिविर का आयोजन। 5. जिला/मण्डल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन। 6. शाखाओं का शपथ-ग्रहण कार्यक्रम। 7. नि:शुल्क सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण शिविरों का अयोजन। 8. संस्था द्वारा सर्दी में अलाव जलाने की व्यवस्था। 9. सर्दियों में कम्बल वितरण की व्यवस्था। 10. समय-समय पर 'पर्यावरण बचाओ' संगोष्ठियों का आयोजन। 11. नई शाखाओं का सृजन। 12. शाखा स्तर पर आजीवन सदस्यों की संख्या में वृद्धि करना। 13. राष्ट्रीय अध्यक्ष का शाखा भ्रमण कार्यक्रम आयोजित करना। 14. नि:शुल्क योग साधना शिविरों का आयोजन। 15. समय-समय पर जनसंख्या नियंत्रण पर संगोष्ठी आयोजित कराना। 16. पायनियर्स एम्बुलेन्स सेवा का संचालन करना। 17. सार्वजनिक स्थलों पर यात्रीशेडों का निर्माण कराना। 18. समय-समय पर ख्यातिलब्ध/वरिष्ठ नागरिकों/विशिष्ट व्यक्ति/प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का अभिनंदन कर सम्मानित करना। 19. एकता एवं सौहार्द के उद्देश्य से 'नववर्ष उत्सव मेला' का आयोजन। 20. प्रतिरक्षण (टीकाकरण) शिविरों का आयोजन। 21. टेलीफोन डायरेक्टरी आदि का प्रकाशन। 22. राष्ट्रीय पर्वों का आयोजन कराना। 23. जिला/मण्डल स्तरीय ज्ञान-विज्ञान की प्रतियोगिता सम्पन्न कर प्रतिभा खोज कर उन्हें सम्मानित करना। 24. दैवी आपदाओं से पीड़ित व्यक्तियों की यथासंभव मदद करना।
25. उद्देश्यपरक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन।
26. अन्य विविध उदद्देश्यपरक कार्यक्रमों का अयोजन।

-: विशेष निर्देश :-

सम्पादित प्रत्येक कार्ययोजना की फोटोग्राफी एवं समाचार पत्रों की कतरनों की छायाप्रतियां ससमय अधोहस्ताक्षरी एवं मुख्यालय को अनिवार्य रूप से प्रेषित करें।

कार्ययोजना में सम्मिलित कार्यक्रमों को अधिकाधिक सम्पन्न कराने वाली शाखा को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जायेगा।

सम्बन्धित कार्यक्रमों की अवधि अक्टूबर, 2008 से सितम्बर 2009 तक होगी।

सक्रिय पदाधिकारियों / सदस्यों को भी उनके कार्यों के प्रति अधिकतम योगदान को दृष्टिगत रखते हुए सम्मानित किया जायेगा।

## वेबसाइट www.internationalpioneers.org के लिये फोटो एवं परिचय भेंजे

इन्टरनेशनल पायनियर्स की वेबसाइट में इस वर्ष नवीनीकरण होना है अत: महासचिव संतोष मेहरोत्रा ने प्रत्येक शाखा के पदाधिकारियों को एक परफोर्मा भेजकर फोटो, पता, फोन नम्बर, ई-मेल, का पता भेजने का आग्रह किया है तथा अनुरोध किया है कि अपने अधिक से अधिक मित्रों को पायनियरवाद की वेबसाइट देखने का अनुरोध करें।

पायनियर चेतना के लिये विज्ञापन भेंजे। सम्पादक संतोष मेहरोत्रा ने पायनियरवाद से जुड़े सभी सदस्यों से आग्रह किया कि वह पायनियर चेतना के लिये अधिक से अधिक विज्ञापन एकत्र करें ताकि पायनियर चेतना के स्वरूप को सुधारा जा सके।

राष्ट्रीय अधिवेशन में लिये गये नियमानुसार 2 अक्टूबर से आजीवन सदस्यता शुल्क 3000/- होगा। इसमें से 1000/- शाखा के पास तथा 2000/- प्रधान कार्यालय के पास भेजने होंगे।

# राष्ट्रीय कार्यकारिणी (2008–2009)

**राष्ट्रीय अध्यक्ष**
नाम : पाय0 केशव शिवहरे
सदस्यता क्रमांक : 132
पता : शंकर बाजार, कर्वी, चित्रकूट-210205
फोन : 9415437860

**राष्ट्रीय उपाध्यक्ष**
नाम : पाय0 के.पी. सिंह (एडवोकेट)
सदस्यता क्रमांक : 169
पता : वकील चेम्बर नं0-653, गाजियाबाद-201002
फोन : 0120-2824288, 9810198281

**राष्ट्रीय उपाध्यक्ष**
नाम : पाय0 कर्मवीर तायल
सदस्यता क्रमांक : 143
पता : 208A/1, गली नं0 9, भोलानाथ नगर, शाहदरा, दिल्ली-32
फोन : 9811740940, 122303199

**महासचिव**
नाम : पाय0 संतोष कुमार मेहरोत्रा
सदस्यता क्रमांक : 1
पता : बंशी भवन, नन्दा लाइन, रामनगर (नैनीताल)
फोन : 05947-251536, 9897122394

**राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष**
नाम : पाय0 बी0डी0 पाण्डे
सदस्यता क्रमांक : 168
पता : हनुमानगढ़ी, कोसी रोड, रामनगर (नैनीताल)
फोन : 05947-251824, 9411537351

**उपमहासचिव**
नाम : पाय0 पुनीत शर्मा
सदस्यता क्रमांक : 121
पता : रानीखेत रोड, रामनगर (नैनीताल)
फोन : 9927522454

**जन सम्पर्क अधिकारी**
नाम : पाय0 अनिल वाजपेयी
सदस्यता क्रमांक : 160
पता : 114, जवाहरगंज, हापुड़
फोन : 2311507, 9837687824

**जोन चेयरमैन**
नाम : पाय0 सुरेन्द्र गुप्ता
सदस्यता क्रमांक : 146
पता : 164 धोबी बड़ा फर्ज बाजार, शहदरा, दिल्ली-32
फोन : 0981072160, 22381624

**जोन चेयरमैन**
नाम : पाय. एल0सी0 अरोड़ा
सदस्यता क्रमांक : 278
पता : 118, आजाद नगर रेलवे हरथला कालोनी, मुरादाबाद
फोन : 0591-3101698, 9319747969

**जोन चेयरमैन**
नाम : पाय0 अरूण यादव
सदस्यता क्रमांक : 234
पता : शिवपुरी निकट मिलन पार्टी हॉल, हापुड़
फोन : 9837291373

**राष्ट्रीय सचिव**
नाम : अजय अग्रवाल
सदस्यता क्रमांक : 197
पता : अजय मेडिकल स्टोर, स्टेशन रोड, कर्वी, चित्रकूट (उ0प्र0)

**राष्ट्रीय संयोजक**
नाम : पाय0 मनीष तायल
ईको केयर ऑर्गोनाइजेशन
सदस्यता क्रमांक : 313
पता : तेलीबड़ा शाहदरा, दिल्ली-32
फोन : 98117401940

**राष्ट्रीय संयोजक**
नाम : पाय0 अरविन्द तोमर (एडवोकेट)
मानव अधिकार संरक्षण
सदस्यता क्रमांक :
पता : सचिन चै.न. 381 सिविल कोर्ट, गाजियाबाद
फोन : 9868757806, 9313395437

**राष्ट्रीय संयोजक**
नाम : पाय0 एस0 सी0 अरोड़ा
पायानियर यूथ क्लब
सदस्यता क्रमांक : 293
पता : B640/5 लाजपत नगर, मुरादाबाद
फोन : 0591-249821, 9410612132

**कार्यकारिणी सदस्य**
नाम : पाय0 घनेश्वरी घिन्डियाल
सदस्यता क्रमांक : 2172
पता : रानीखेत रोड, रामनगर (नैनीताल)
फोन : 9412075839

## प्रधान कार्यालय प्रतिनिधि (प्रधान कार्यालय सदस्य) (2008-2009)

नाम : पाय0 महेन्द्र केसरवानी, कार्यकारिणी सदस्य
सदस्यता क्रमांक : 128
पता : प्लाईहुड एजेन्सीज, गणेश मार्केट, कर्वी, चित्रकूट

नाम : पाय0 डा0 महेन्द्र गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य
सदस्यता क्रमांक : 122
पता : नया बाजार रैलवे रोड, कर्वी, चित्रकूट

नाम : पाय0 गोपीकृष्ण अग्रवाल
सदस्यता क्रमांक : 222
पता : सदर बाजार कर्वी, चित्रकूट

नाम : पाय0 संजय अग्रवाल
सदस्यता क्रमांक : 253
पता : 251/1, 2 पत्रकार कालोनी, रविताल चौक, जबलपुर
फोन : 0761-241253, 0982706488

नाम : पाय0 नीरज अग्रवाल
सदस्यता क्रमांक : 256
पता : 251/1, 2 पत्रकार कालोनी, रविताल चौक, जबलपुर
फोन : 0761-2412410, 0924511450

नाम : पाय0 अनिल सेवाल
सदस्यता क्रमांक : 2174
पता : 118 आर्या नगर, हापुड़
फोन : 9837004625

नाम : पाय0 सचिन जिन्दल
सदस्यता क्रमांक :
पता : 143 बरही मौहल्ला, हापुड़
फोन : 9837313131

नाम : पाय0 सुनील जायसवाल
सदस्यता क्रमांक : 207
पता : 27/117 गली नं0 6, पांडव रोड विशवास नगर शहादरा, दिल्ली-32
फोन : 22381444, 9312262101

नाम : पाय0 एम0 सी0 गुप्ता
सदस्यता क्रमांक :
पता : ब्लाक-1, लाईन नं0-3, गोविन्द नगर मुरादाबाद
फोन : 9412552564

नाम : पाय0 अविनाश बब्बर
सदस्यता क्रमांक : 2179
पता : अविनाश एग्रीकल्चर स्टोर,आर्यनगर,हापुड़ (उ0प्र0)
फोन : 09758803082

नाम : पाय0 महावीर वर्मा 'मधुर'
सदस्यता क्रमांक : 2176
पता : 165-न्यू आर्या नगर, हापुड़ (उ0प्र0)
फोन : 09927862727

## रामनगर पायनियर्स क्लब के निर्वाचन सम्पन्न

रामनगर पायनियर्स क्लब के वार्षिक निर्वाचन अध्यक्ष पाय0 मंगल सैन मित्तल की अध्यक्षता में तथा निर्वाचन अधिकारी बी0डी0 दानी के देखरेख में सर्वसम्मति से सम्पन्न हुए।

अध्यक्ष पाय0 संतोष मैहरोत्रा, उपाध्यक्ष पाय0 फिरासत हुसैन, प्रबन्धक श्री वीसी, महिला उपाध्यक्षता श्रीमती अंशु अग्रवाल, सचिव पाय0 पुनीत शर्मा, उपसचिव पाय0 राजा चड्ढा, कोषाध्यक्ष पाय0 पंकज अग्रवाल, औषधालय प्रबन्धक पाय0 बीडी पाण्डे, निर्देशक पाय0 राजेश मित्तल, विपिन अग्रवाल, प्रधान कार्यालय प्रतिनिधि, पाय0 बीडी पाण्डे, पाय0 धनेश्वरी घिन्डियाल निर्वाचित हुई।

निर्वाचन कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने अपना नवीनीकरण एवं क्रियाशीलता शुल जमा किया। निर्वाचन कार्यक्रम कोसी रिवर व्यू रैस्टोरेन्ट में सम्पन्न हुआ।

बैठक में पाय0 संतोष कुमार मेहरोत्रा पाय. बीडी पाण्डे, पाय0 संजीव शर्मा, पाय0 मंगलसेन मित्तल, पाय0 विपिन कुमार अग्रवाल, पाय0 दिनेश महरोत्रा, पाय0 हरीशचन्द्र घिल्डियाल, पाय0डा0 केके अग्रवाल, पाय0 पुनीत शर्मा, पाय0 राजेश मित्तल, पाय0 सलिल गुप्ता, सीए पाय0 पंकज अग्रवाल, पाय0 फिरासत हुसैन, पाय0 राजा चड्ढा एवं महिला पायनियर सदस्य उपस्थित हुए।

रामनगर पायनियर्स क्लब ने गौजानी ग्राम निवासी 97 वर्ष के बुजुर्ग श्री रामकिशन जी कि अत्यधिक गरीबी के कारण अपनी टूट चुकी पुरानी वॉकर को बदल नहीं पा रहे थे को नई वॉकर प्रदान कर उनके जीवन में एक नई आशा का संचार किया, उनकी पत्नी की उम्र भी 95 वर्ष है तथा चलने फिरने की कठिनाई वॉकर के अभाव में महसूस करते थे। उन्हें वॉकर देने का अनुरोध उसी गाँव के श्री जगदीश पाण्डे ने इन्टरनेशनल पायनियर्स से किया था। पायनियर्स क्लब रामनगर के अध्यक्ष मंगलसेन मित्तल तथा सचिव विपिन अग्रवाल एवं संस्थापक संतोष मेहरोत्रा ने पायनियर्स क्लब रामनगर द्वारा वॉकर श्री रामकिशन जी को प्रदान की।

# पायनियर्स साहित्य एवं ललित मंच, हापुड़
# (मासिक रिपोर्ट सितम्बर 2008)

## ■ राधाष्टमी पर भजन संध्या का आयोजन

पायनियर्स साहित्य एवं ललित कला मंच, हापुड़ की मिटिंग दिनांक 07-09-2008 को सम्पन्न हुई। संयोग से उस दिन राधाअष्टमी का पावन दिन था। इसलिए इस पर्व को सभी सदस्यों ने तथा आगन्तुकों मेहमानों ने 'एक शाम-राधारानी के नाम' से भजन संध्या के रूप में मनाया।

सर्वप्रथम संस्था के सचिव महावीर वर्मा 'मधुर' ने पिछली मिटिंग की कार्रवाई पढ़कर सुनाई तथा आगन्तुक अतिथियों का स्वागत किया। अतिथियों में श्री अभय मित्तल एवं रितु मित्तल, श्री नवल किशोर आर्य एवं पुष्पा आर्य, श्री पवन सक्सेना एवं दीप्ती सक्सेना, श्री मनोज अग्रवाल एवं अलका मित्तल, श्री मनोज जीएम एवं रीना अग्रवाल तथा श्री जयनेन्द्र चौधरी उपस्थित थे। श्री नवल किशोर आर्य, श्री मनोज जीएम तथा श्रीमती अलका मित्तल ने राधारानी के भजन सुनाकर श्रोताओं को कृष्ण-भक्ति के रंग में सराबोर कर दिया। बाद में संस्था के सदस्यों के बीच भजन-प्रतियोगिता हुई जिसमें महिला वर्ग में श्रेष्ठ भजन गायिका का इनाम श्रीमती राजकुमारी ने जीता और पुरूष वर्ग में श्रेष्ठ भजन गायक का पारितोषिक, क्लब के सचिव महावीर वर्मा 'मधुर' ने जीता। उन्होंने अपना स्वनिर्मित भजन सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके भजन के बोल थे

'मैं पतंग तुम डोर............कन्हैया मेरे, मैं पतंग तुम डोर।
तुम विस्तृत आकाश हो मेरे, मैं हूँ अन्तिम छोर।
प्रभुजी मेरे, मैं पतंग तुम डोर।'

इसके पश्चात् गेम्स में महिला वर्ग का इनाम श्रीमती मधुवर्मा ने बिन्दी प्रतियोगिता मे जीता। पुरुषों में श्री अजय बंसल ने बाजी मारी। बच्चों के गेम्स मे कु. अदिति वाजपेयी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अन्त में बैठक और भजन संध्या के आयोजक श्री बिशन सक्सेना एवं श्रीमती मंजू सक्सेना ने सभी का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर सभी सदस्य पाय. सुनील शर्मा, उर्मिला शर्मा, प्रदीप सिंहल, अनिता सिंहल, अविनाश बब्बर, उषा बब्बर, पूजा महेश, प्रदीप महेश, प्रदीप महेश, डा. राजेश्वर सिंह, अजय बंसल, रजनी बंसल, अनिल वाजपेयी तथा आराधना वाजपेयी उपस्थित थे।

*महावीर वर्मा 'मधुर' सचिव*




# मोटापे से लड़े

## डायबिटिज, जोड़ों का दर्द एवं ह्रदय विकास को दूर भगाएं

**मोटापा सेहत के लिए एक बड़ा खतरा**

टाइप 2 डायबिटिज के पीड़ित 80% से अधिक लोग, मोटापे के शिकार पाए जाते है।

मोटापे से पीड़ित लोगों में उच्च रक्तचाप, तथा ट्राइग्लिसराइडस एवं खराब कोलेस्ट्रॉल का खतरा बढ़ने की संभावना अधिक होती है।

मोटापे को ह्रदयविकार एवं दिल का दौरा जैसी बीमारियों की मुख्य वजह माना गया है।

अमेरिका के नेशनल इन्स्टिटयूट ऑफ डायबिटिज एण्ड डाइजेस्टिव एण्ड किडनी डिसीज् द्वारा पेश की गए यह तथ्य, मधुमेह (डायबिटिज) तथा मोटापे से पीड़ित उन लाखों शहरी एवं अर्ध शहरी आबादी के लिए चेतावनी है। आज 'डाइबेसिटी' अर्थात् (मधुमेह + मोटापा) लोगों में काफी तेजी से फैल रहा है। यह एक जानलेवा बिमारी है जिसकी वजह से आगे चलकर हम ह्रदय, लीवर, किडनी तथा स्नायु सम्बन्धी विकारों के शिकार हो जाते हैं।

**चलना, सेहतमंद रहने का सर्वोत्तम एवं सुरक्षित उपाय है**

WOH (विश्व स्वास्थ्य संगठन) लोगों को अपना एक आदर्श वजन बनाए रखने के विविध तरीकों से लगातार अवगत कराते आए है। बस आपको रोजाना 30 मिनट की शारीरिक गतिविधि करना आवश्यक है। नियमित सैर करना, शारीरिक व्यायाम का एक आदर्श एवं सुरक्षित तरीका है। चलने से आप कैलरी नष्ट करते है, कोलेस्ट्रॉल को संतुलित रख सकते है सैर करना, शारीरिक व्यायाम का एक आदर्श एवं सुरक्षित तरीका है। चलने से आप कैलरी नष्ट करते है, कोलेस्ट्रॉल को संतुलित रख सकते है, हड्डियों का क्षय कम कर सकते है तथा ह्रदय कोशिकाओं को स्वस्थ रखकर खुद ऊर्जावान महसूस कर सकते है। सैर करने से डायबिटिज होने का खतरा कम हो जाता है।

**मॉर्निंग वॉकर के साथ 10000 कदम चलें**

यदि आप हमेशा व्यस्त रहते हैं, लगातार यात्रा या काम के कारण आपको चलने का वक्त नहीं मिल पाता तो मॉर्निंग वॉकर आजमाएं। जाने माने संगठनों ने रोजाना चलने के लिए मॉर्निंग वॉकर को एक अत्यन्त उपयोगी विकल्प माना है। केवल 15 मिनट, मॉर्निंग वॉकर का इस्तेमाल करें और 10000 कदम चलने का लाभ पाएं। मॉर्निंग वॉकर प्रयोग के लिए चिकित्सीय रूप से प्रमाणित और समर्थित उत्पाद है, जिसे सभी उम्र के लोग प्रयोग कर सकते है बिना कोई दुष्प्रभाव के। अब तक 85000 से अधिक परिवार इसका इस्तेमाल कर रहे हैं।

**रोजाना 10000 कदम चलें, सेहतमंद रहे**



**MORNING WALKER®**

*लाइफ में नया जोश लायें!*

**CALL FOR FREE DEMONSTRATION DEMONS TRATION**

SPACEAGE MULTIPRODUCTS PVT. LTD. : 4378 / 4B, ANSARI ROAD, DARYAGANJ, NEW DELHI - 2, PH. : 23242299 / 9811993389

**MEHROTRA SPORTS, RAMNAGAR (NAINITAL)**

Nainital : Ph : 9897122394, Ramnagar : Ph. : 9897122394 / 251536, 251056

# पायनियर्स साहित्य एवं ललित कला मंच हापुड़ (मासिक रिपोर्ट 2008)

## ■ क्लब ने शहीदों को याद करने के साथ-साथ कवियों को सम्मानित किया

पायनियर्स साहित्य एवं ललित कला मंच हापुड़ की एक मिटिंग दि0 17.8.2008 को सम्पन्न हुई। इस मिटिंग में कवि-सम्मेलन




का आयोजन भी किया गया। कवि-सम्मेलन एवं इस मिटिंग का आयोजन गीतकार एवं क्लब के सचिव महावीर वर्मा 'मधुर' ने किया।

कवि सम्मेलन का शुभारंभ श्रेयस्कर गौड़ ने माँ सरस्वती की वन्दना से किया। वरिष्ठ कवि श्री प्रेम निर्मल ने नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कहा-

हमले ऐसे कर रही नेताओं की फौज।
आम आदमी मर रहा, नेता मारे मौज।

कवि महावीर वर्मा 'मधुर' ने शहीदों को नमन करते हुये पढ़ा-

मेरे आज के भारत की कैसी ये बात निराली है,
दूध भरी इस हन्डिया की बिल्ली करती रखवाली है।
अपने लहू से वीरों ने न जाने कितने रंग भरे,
आजादी की ये मूरत फिर भी काली की काली है।

संचालन करते हुये कवि अनिल वाजपेयी ने श्रोताओं में जोश भरते हुये कहा-

देश प्रेमियों की जोश भरी हुंकार यह,
दुश्मनों के दिल फिर फिर दहलायेंगे।
इस बार छिड़ा यदि घमासान युद्ध,
पाकिस्तान में तिरंगा हम फहरायेंगे।

हास्य कवि अविनाश बब्बर ने श्रोताओं को हंसाते हुऐ पढ़ा-

प्रिय तेरे मुख चांद का प्रतिबिम्ब, नभ का चांद कहलाता।
इसे जब केश ढक लेते, उधर तब ग्रहण पड़ जाता।

एलएन सीनियर सैकेण्ड्री स्कूल की प्रधानाचार्य व कवयित्री श्रीमती आराधना वाजपेयी ने पढ़ा-

पूनम के साथ आती है काली रात भी,
गर बन सको दीपक तो उजियार बहुत है।
चुभते हैं शब्द तीरों से आज सभी के,
फैला सको प्रेम तो मल्हार बहुत है।

कवियित्री पूजा महेश ने पढ़ा-

कांटे न होते तो फूलों की हिफाजत न होती,
अंधेरे न होते तो उजालों की जरूरत न होती।
मिल जाती यदि हर खुशी दुनियां में,
दिल की मुलाकात दर्द से न होती।

अध्यक्षता करते हुए प्रख्यात साहित्यकार व कवि डा. अशोक मैत्रेय ने पढ़ा -

रहबर जिनको समझा था, राहजनी वो करते हैं,
स्वार्थ साधने को केवल वतन फरोशी करते हैं।
उनके बुने जाल में फंसता एक मजबूर परिन्दा हूँ,
न्नाटा है नाम नगर का मैं उसका बाशिन्दा हूँ।

इसके अतिरिक्त गजलकार फसीह चौधरी, कवि आशुतोष आजाद और श्रीमती ममता शर्मा ने भी अपनी रचनाओं से रंग जमाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री सुनील कंसल व अर्चना कंसल, विशिष्ठ अतिथि श्री अतुल शर्मा व ममता शर्मा और श्री राजकुमार वर्मा व मधु वर्मा ने गेम्स के विजेताओं को इनाम वितरित किये। कवियों को स्मृति-चिन्ह देकर व पटका पहनाकर उनका स्वागत किया गया। एक छोटे बच्चे विशू वर्मा को उसके जन्मदिन पर सबने आशीर्वाद और शुभकामनाऐं दी।

इस अवसर पर अमित वर्मा व भावना वर्मा, सुमित वर्मा व प्रिंसी वर्मा, हर्ष व हर्षिता वर्मा, मधु वर्मा, सुनील शर्मा, उर्मिला शर्मा, डा. राजेश्वर, राजकुमारी, अजय बंसल, मंजू बंसल, नरेन्द्र गर्ग, मिथलेश गर्ग, बिशन सक्सेना, मंजू सक्सेना, अदिति, उषा बब्बर, प्रदीप सिंहल, संजीव, रश्मि आदि उपस्थित थे।

(साभार- दैनिक जागरण) *पाय0 महावीर वर्मा 'मधुर' (सचिव)*



मनीष तायल
अध्यक्ष
ई.को. केयर
आर्गेनाइजेशन



अनिल
वाजपेयी
राष्ट्रीय जन
सम्पर्क
अधिकारी



एल.सी.
अरोरा
जोनल
चैयरमेन



13. Rajendra Kumar Agarwal I
Sehtupal Rajendra Kumar
Ghanta Ghar
Chandausi

समाचार पत्र पंजीयन सं0 पं0 सं0 56806/83,
डाक पंजीयन UA/NTL-01/03

# इन्टरनेशनल पायनियर्स


नि:स्वार्थ, स्वैच्छिक, कल्याणकारी, समाजसेवी संस्था
प्रधान कार्यालय–रामनगर (नैनीताल) उत्तराखण्ड

सोसायटी की रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र संख्या-1237/1971-72

## आजीवन सदस्य



नाम : पाय0 जगप्रकाश तोमर (268) स0क्र0
पता : 44, कृष्णनगर, मेरठ रोड, गाजियाबाद
फोन : 0120-2721584, 9968009995
जन्मतिथि : 5.03.1969



नाम : पाय0 अरविन्द कुमार (271) स0क्र0
पता : एस.191, उमा कुटीर, स्कूल ब्लॉक, शेखरपुर
फोन : 9868723929
जन्मतिथि : 7.08.1961



नाम : पाय0 कैलाशचन्द्र जोशी (272) स0क्र0
पाय0 मीना जोशी (273) स0क्र0
पता : संजीवनी हॉस्पीटल, 30 खताड़ी, रामनगर
फोन : 251987, 9837350766
जन्मतिथि : 10-01-61



नाम : पाय0 मनबरसिंह नेगी (273) स0क्र0
पता : ग्राम बसई, पोस्ट चिल्किया, रामनगर
फोन : 05947-254005, 9837203193
जन्मतिथि : 23.04.1965



नाम : पाय0 शीषपाल सिंह रावत (276) स0क्र0
पता : उडिंडा गांव, नैनीडांडा
वाया धूमाकोट (पौड़ी गढ़वाल)
फोन : 9410072614
जन्मतिथि : 14.06.1971

*Satish Agarwal*
*Rahul Agarwal*

Mobile :
9927072840
9837072840

**J.N. POLY FAB**



Manufacture of :
- H.D.P.E. / P.P.
- Plastic Woven
- Bags/Sacks

Regd. Off. :
47, Meenakshi Road, (Kaliwala Oil Mill)
HAPUR-245101 (Ghaziabad) U.P.
Tel. : 0122-2333224, 2333279

Resi : 63, Panna Puri, (Kaliwala House, Garh Road, Hapur-245101

## भारत का अर्न्तराष्ट्रीय क्लब

**प्रत्येक नगर में इन्टरनेशनल पायनियर्स क्लब स्थापित करें**

विश्व बन्धुत्व, वसुधैव कुटुम्बकम् के अन्तर्गत नेतृत्व के उचित अवसर पारिवारिक मनोरजंन फैलोशिप, नि:स्वार्थ समाज सेवा

रजि0 संख्या-1237 स्थापित 1968
☎ : 05947-252841
मो0 : 9897122394

**इन्टरनेशनल पायनियर्स**

e-mail : internationalpioneers@rediffmail.com
website : www.internationalpioneers.org
राष्ट्रीय कार्यालय : रामनगर (नैनीताल) उत्तराखण्ड

सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक-सन्तोष कुमार मेहरोत्रा द्वारा इन्टरनेशनल पायनियर्स राष्ट्रीय कार्यालय के स्वामित्त्व में प्रकाशित एवं विबग्योर प्रिन्टर्स, रामनगर (नैनीताल) में मुद्रित।